Thirteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-11-2000

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

Title: Demand to give direction to the Chief Minister of Rajasthan to use funds only for the drought purposes given by the Central Govt.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर, रोजाना समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल रहा है कि भारत सरकार राजस्थान सरकार की मदद नहीं कर रही है। राजस्थान के मुख्य मंत्री जी का यह आरोप निराधार है, मिथ्यापूर्ण है। अपनी अकुशलता को छिपाने के लिए वे बार-बार भारत सरकार को बदनाम कर रहे हैं। राजस्थान में इस समय अकाल पड़ा है और पीने के पानी का संकट है। भारत सरकार ने इसके लिए राज्य सरकार को पहले 75 करोड़ रुपए मैचिंग ग्रांट के रूप में दिए, लेकिन राज्य सरकार ने इसको टोटल में नहीं मिलाया। उसके बाद राज्य सरकार ने 105 करोड़ रुपए वसूल कर लिए और फिर तीसरी बार 100 करोड़ रुपए वसूल कर लिए। लेकिन अन्य मदों पर यह पैसा खर्च कर दिया, अकाल और पानी पर खर्च नहीं किया। राजस्थान सरकार के मुख्य मंत्री जी ने वह सारा पैसा विधायकों के भत्तों आदि पर व्यय कर दिया, मानवीय समस्या पर नहीं किया। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह मुख्य मंत्री को पाबंद करे कि ध;दृद्धड्ढ;ाान देना चाहिए तथा इःदृद्धड्डश्;ा प्रकार का ःदृद्धड्डश्;टेटमेंट देने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है।